तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	किशोर कुमार सोनी बनाम लो.सू.अ. (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) सू.अ.अ. अपील संख्या 55/2023	
20-02-2023	अपीलार्थी किशोर कुमार सोनी, सचिव श्री मैढक्षत्रिय स्वर्णकार सभा, सोजतसिंटी, नयापुरा सुथारों का बास, सोजत सिटी जिला पाली ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 19.11.22 में (1) जिला कलक्टर (रिकॉर्ड) पाली/जोधपुर मारवाड़ रियासत कालीन जारी हुए पट्टों की सूचना (सन् 1925 से 1950 के मध्य के) कि उक्त अवधि के पट्टे कहां उपलब्ध हो सके व अन्य बिन्दु, से संबंधित सूचना के लिए ,लोक सूचना अधिकारी (अति. संभागीय आयुक्त जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा जरिये पत्रांक 214 दिनांक 29.12.22 द्वारा लोक सूचना अधिकारी (जिला कलक्टर कार्यालय जोधपुर) को प्रार्थना पत्र स्थानान्तरित होकर प्राप्त हुआ। प्रभारी अधिकारी एवं अति कलक्टर (भू.रू.) जोधपुर के पत्रांक 18719 दिनांक 28.12.22 द्वारा दी गई, सूचना से असंतुष्ट होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट चाही गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) से जरिये पत्रांक 164 दिनांक 14.02..2023 तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि प्रार्थी के आवेदन पत्र में वर्णित प्रभारी अधिकारी, भू–अभिलेख शाखा, कार्यालय हाजा से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी को इस कार्यालय के पत्र संख्या 03 दिनांक 10.01.23 द्वारा कुल 01 पृष्ठीय सूचना प्रेषित की जा चुकी हे। अपीलार्थी ने अपील में प्रभारी अधिकारी एवं अपर जिला कलक्टर (भू.अ.) जोधपुर कार्यालय के पत्रांक/भू.अ./सू.अअ./2022/18719 दिनांक 28.12.2022 के असंतुष्टी होते हुए मूल आवेदन पत्र में चाही गई सूचना (सुनार समाज समस्थान पट्टा 1941 में जारी मिसल नं. 42/36–37) प्राप्त नहीं होने से अपील की गई। चूंकि अपीलार्थी/प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत सूचना का आवेदन पत्र में चाही गई सूचना एवं अपील में चाही गई सूचना की विशिष्टियां भिन्न भिन्न है अतः अपील सारहीन होने से निरस्त की जाती है। आदेश सुनाया गया। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो। (हिमांशु गुप्ता) जिला कलक्टर जोधपुर जिला कलक्टर, जोधपुर (राज.)	